रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** माना कि $\Delta ABC \sim \Delta QPR$ और $\frac{(ar(\Delta ABC))}{(ar(\Delta PQR))} = \frac{64}{121}$ है। यदि $AB = 11$ cm, $BC = 7$ cm और $AC = 8$ cm है, तो $QR$ (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 8
✗ 2. 9
✓ 3. 11
✗ 4. 10

**Q.2** जब कोई उपयोगकर्ता MS वर्ड में बुलेट बटन (•) दबाता है तो निम्न में से क्या होता है?

**Ans**
✓ 1. सेलेक्ट किया गया टेक्स्ट बुलेट लिस्ट में परिवर्तित हो जाता है
✗ 2. सेलेक्ट किया गया टेक्स्ट नंबर लिस्ट में परिवर्तित हो जाता है
✗ 3. टेक्स्ट एलाइनमेंट सेंटर में बदल जाता है
✗ 4. फ़ॉन्ट का आकार बढ़ जाता है

**Q.3** यदि संख्या 7134856 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा अंक इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरा होगा?

**Ans**
✗ 1. 4
✓ 2. 2
✗ 3. 3
✗ 4. 1

**Q.4** ₹2,000 की राशि पर 6% वार्षिक ब्याज दर से 3 फरवरी 2023 से 17 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 25
✓ 2. 24
✗ 3. 22
✗ 4. 23

**Q.5** $\left[\left(28 \div \frac{3}{9}\right) \times \left(6 \div 2 \times \frac{18-2}{6}\right) \div \{8 \times 6 \div 3\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 104
✗ 2. 63
✓ 3. 42
✗ 4. 84

**Q.6** एक दुकानदार ने एक पुस्तक 36% की हानि पर ₹544 में बेची। 24% लाभ अर्जित करने के लिए उसे पुस्तक को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

**Ans**
✗ 1. 1,055
✗ 2. 1,057
✓ 3. 1,054
✗ 4. 1,056

**Q.7** 1991 में नए आर्थिक सुधारों के अंगीकरण के बाद भारत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

**Ans**
✗ 1. आर्थिक सुधारों के बाद देश में कृषि क्षेत्र की वृद्धि में गिरावट आई।
✗ 2. औद्योगिक उत्पादन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि के लिए भारत में 1991 के बाद व्यापार और निवेश व्यवस्था का उदारीकरण शुरू किया गया।
✓ 3. 1991 के सुधारों से कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में भारी वृद्धि हुई और भारत की GDP में इसकी हिस्सेदारी में वृद्धि हुई।
✗ 4. 1991 के बाद भारत की GDP में औद्योगिक क्षेत्र के योगदान में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई।

**Q.8** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना है जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 3 | # | 4 | $ | 7 | & | 6 | * | 8 | ^ | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | H | A | J | B | K | C | L | D | M | E | N |

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप मे कूटबद्ध किया जाना है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण घन हैं, तो दूसरे अवयव का कूट, तीसरे अवयव का कूट होगा।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

3$72

**Ans**
✗ 1. HBKN
✓ 2. ©BK©
✗ 3. HKB©
✗ 4. NBKH

**Q.9** वारली चित्रकला में उस प्रक्रिया को क्या कहा जाता है जिसमें पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए उसे गाय के गोबर और पानी से लेपा जाता है?

**Ans**
✗ 1. सारवणे
✗ 2. रंगोली
✓ 3. लिपाने
✗ 4. लिहाने

**Q.10** हड़प्पा नगरों में गढ़ों का मुख्य उद्देश्य क्या था?

**Ans**
✓ 1. प्रशासनिक और सार्वजनिक कार्यों का आयोजन करना
✗ 2. आवासीय क्षेत्र के रूप में कार्य करना
✗ 3. धार्मिक समारोहों का आयोजन करना
✗ 4. बाज़ार के रूप में कार्य करना

**Q.11** वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें से 8 घटाने पर वह 15, 12, 18 और 29 से विभाज्य हो।

**Ans**
- ✗ 1. 5263
- ✗ 2. 5187
- ✗ 3. 5275
- ✓ 4. 5228

**Q.12** अमित, अर्जुन और अन्या की औसत आयु 30 वर्ष है। यदि अमित और अन्या की औसत आयु 35 वर्ष है, तो 2 वर्ष बाद अर्जुन की आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 30 वर्ष
- ✗ 2. 28 वर्ष
- ✗ 3. 24 वर्ष
- ✓ 4. 22 वर्ष

**Q.13** एक बाइक 80 km की दूरी 40 km/hr की चाल से और अगली 45 km की दूरी 15 km/hr की चाल से तय करती है। इसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 31
- ✗ 2. 29
- ✓ 3. 25
- ✗ 4. 19

**Q.14** प्रेक्षणों 35, 32, 28, 27, 25, 32, 31, 27, 32, 30, 32, 27, 31, 34, 32 और 22 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 28
- ✓ 2. 32
- ✗ 3. 35
- ✗ 4. 27

**Q.15** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह संख्याएँ आगे भी प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए । उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**11 - 22 - 44 - 45; 3 - 6 - 12 - 13**

**Ans**
- ✓ 1. 4 - 8 - 16 - 17
- ✗ 2. 13 - 14 - 15 - 20
- ✗ 3. 19 - 20 - 22 - 44
- ✗ 4. 1 - 2 - 3 - 6

**Q.16** एक दुकान में दो पैक में मोमबत्तियाँ बिकती हैं: पैक A में 5 मोमबत्तियाँ ₹4 प्रति मोमबत्ती की दर से और पैक B में 5 मोमबत्तियाँ ₹6 प्रति मोमबत्ती की दर से पैक हैं। प्रति मोमबत्ती औसत मूल्य क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. ₹5.5
- ✗ 2. ₹4
- ✗ 3. ₹6
- ✓ 4. ₹5

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. XA – CK<br>✗ 2. KN – PX<br>✓ 3. HK – NU<br>✗ 4. AD – FN |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | फरवरी 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेलो इंडिया के अंतर्गत प्रशिक्षित कितने एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए हैं? |
| Ans | ✗ 1. 1631<br>✗ 2. 1250<br>✗ 3. 1802<br>✓ 4. 1424 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | लघु हिमालय और शिवालिक के बीच की अनुदैर्ध्य घाटियों को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✓ 1. दून<br>✗ 2. दोआब<br>✗ 3. विसर्प<br>✗ 4. खादर |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | अधीनस्थ न्यायपालिका में किस न्यायालय को दीवानी मामलों में असीमित आर्थिक अधिकारिता प्राप्त है? |
| Ans | ✗ 1. लघु वाद न्यायालय<br>✗ 2. न्याय पंचायत<br>✗ 3. मुंसिफ न्यायालय<br>✓ 4. जिला न्यायालय के न्यायाधीश |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | जनवरी 2025 में, किस फिल्म निर्देशक को IIFA 2025 में भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट उपलब्धि (Outstanding Achievement) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. संजय लीला भंसाली<br>✗ 2. करण जौहर<br>✗ 3. राजकुमार हिरानी<br>✓ 4. राकेश रोशन |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>327, 304, 271, ?, 175, 112 |
| Ans | ✗ 1. 218<br>✓ 2. 228<br>✗ 3. 248<br>✗ 4. 238 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>F के बाएं से गिनने पर D और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, G के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है।<br>A, G के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E का निकटतम पड़ोसी है।<br>C के बाएं से गिनने पर C और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✓ 1. दो<br>✗ 2. चार<br>✗ 3. एक<br>✗ 4. तीन |

Q.24 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 1 $ @ % 1 4 3 * # 6 3 4 £ % 2 @ 6 % 8 % 9 $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. 4 ✔
2. 5 ✘
3. 3 ✘
4. 6 ✘

Q.25 एक समचतुर्भुज के विकर्ण 8 : 15 के अनुपात में हैं, तथा परिमाप 102 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 534 ✘
2. 540 ✔
3. 533 ✘
4. 546 ✘

Q.26 याशिका ने ₹216 में 6 सेब और 6 आम खरीदे। जब एक सेब की कीमत 30% कम हो जाती है और एक आम की कीमत वही बनी रहती है, तो 5 सेब और 8 आम की कीमत ₹162 हो जाती है। 7 सेब और 2 आम की मूल कीमत कितनी है?

Ans
1. ₹217 ✘
2. ₹214 ✘
3. ₹211 ✘
4. ₹212 ✔

Q.27 भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2025' की उल्लेखनीय विशेषता क्या थी?

Ans
1. भागीदारी केवल नौसेना बलों तक सीमित थी ✘
2. आतंकवाद विरोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया गया ✘
3. केवल अरब सागर क्षेत्र में संचालित किया गया ✘
4. पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका अंतरिक्ष बल को शामिल किया गया ✔

Q.28 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 5 4 7 % € $ 2 £ % 6 6 9 9 £ € & € © 3 7 © * (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
1. 4 ✘
2. 2 ✘
3. 3 ✔
4. 5 ✘

Q.29 सुजय अपनी कक्षा में शीर्ष से 29वें और नीचे से 59वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 88 ✘
2. 85 ✘
3. 86 ✘
4. 87 ✔

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
FKN17 GLO28 HMP39 INQ50 ?

Ans
1. JOS61
2. JOS60
3. JOR60
4. JOR61 ✔

Q.31 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से परिवर्तन किए गए?

Ans
1. ऑडिट हटा दिए गए
2. राज्य वक्फ बोर्ड समाप्त कर दिए गए
3. बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा गया ✔
4. निजी पट्टे की अनुमति दी गई

Q.32 निम्नलिखित में से कौन भारत में नगर निगम परिषद और स्थायी समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है?

Ans
1. स्थायी समिति प्रमुख
2. अध्यक्ष
3. नगर आयुक्त ✔
4. उप महापौर

Q.33 संख्या 24765389 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन सा अंक बाएं से चौथा होगा?

Ans
1. 6
2. 4
3. 5 ✔
4. 7

Q.34 नीचे दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। [दशमलव के 2 स्थानों तक उत्तर दीजिए।]

| वर्षों में आयु | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मरीजों की संख्या | 22 | 20 | 23 | 15 | 36 | 17 | 14 |

Ans
1. 59.42
2. 49.91
3. 56.88
4. 55.25 ✔

Q.35 MS एक्सेल में स्प्रेडशीट प्रिंट करने का सही तरीका क्या है?

Ans
1. Ctrl + S दबाएँ
2. Ctrl + Pt दबाएँ
3. 'Home' टैब पर क्लिक करें और 'Print' का चयन करे
4. 'File' टैब पर क्लिक करें और 'Print' का चयन करे ✔

Q.36 एक व्यापारी ने ₹66,000 में एक सीलिंग फैन खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 56% की छूट देता है और फिर भी 69% लाभ अर्जित करता है। सीलिंग फैन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹2,53,426
2. ₹2,53,597
3. ₹2,53,500 ✔
4. ₹2,53,394

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P x Q ÷ R – S + T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी
2. भाई के पुत्र की पत्नी
3. पुत्र की पत्नी की बहन
4. बहन की पुत्री

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा सुधारक ब्रिटिश भारत से सम्बंधित नहीं था?

Ans
1. स्वामी विवेकानंद
2. आर्यभट्ट
3. राजा राम मोहन राय
4. बाल गंगाधर तिलक

Q.39 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q की परीक्षा सोमवार को है। P की परीक्षा R से पहले है। U और Q के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा है। V की परीक्षा U से ठीक पहले लेकिन S के बाद है। R की परीक्षा T से पहले है। P और S के बीच कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. पांच
4. चार

Q.40 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना है जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 3 | # | 8 | $ | 7 | & | 6 | * | 4 | ^ | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | B | S | D | F | G | H | J | K | L | P | R |

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप मे कूटबद्ध किया जाना है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो दूसरे अवयव का कूट, तीसरे अवयव का कूट होगा।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

849@

Ans
1. DULC
2. CLUD
3. DLLC
4. DLUC

Q.41 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEAR' को '7481' और 'DEAR' को '7154' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 1
3. 4
4. 5

Q.42 केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित शहरी अवसंरचना विकास निधि (UIDF) का उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की कमी का उपयोग करना
✘ 2. स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं को बढ़ाना
✘ 3. कृषि निर्यात को बढ़ावा देना
✘ 4. ग्रामीण अवसंरचना को वित्तपोषित करना

Q.43 A और B किसी काम को 14 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अकेले इसे 63 दिन में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का आधा भाग कितने दिन में पूरा कर सकता है?

Ans
✘ 1. 36
✔ 2. 9
✘ 3. 27
✘ 4. 18

Q.44 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

713 715 720 722 727 729 ?

Ans
✔ 1. 734
✘ 2. 731
✘ 3. 736
✘ 4. 739

Q.45 विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2025 किस शहर में आयोजित किया गया?

Ans
✘ 1. बेंगलुरु
✘ 2. मुंबई
✘ 3. हैदराबाद
✔ 4. नई दिल्ली

Q.46 उत्तरकाल में रिकॉर्डर कोर्ट का स्थान ___________ ने लिया।

Ans
✔ 1. सर्वोच्च न्यायालय
✘ 2. सत्र न्यायालय
✘ 3. उच्च न्यायालय
✘ 4. अतः परिषद (प्रिवी काउंसिल)

Q.47 सर्वप्रथम 'न्यायिक सक्रियतावाद' शब्द निम्नलिखित में से किसने गढ़ा?

Ans
✘ 1. न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती
✘ 2. न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर
✘ 3. डी.ए. देसाई
✔ 4. आर्थर स्लेसिंगर जूनियर

Q.48 जनवरी 2025 में, पहली बार, भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किस योजना के तहत 9वें एशियाई शीतकालीन गेम 2025 में भाग लेने वाले भारतीय दल को वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है?

Ans
✘ 1. फिट इंडिया मूवमेंट
✔ 2. असिस्टेंस टू नेशनल स्पोर्ट्स
✘ 3. टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम
✘ 4. खेलो इंडिया स्कीम

**Q.49** पल्लवों के किस शक्तिशाली शासक ने महाबलीपुरम में तट मंदिर का निर्माण कराया था?

Ans

✔ 1. नरसिंहवर्मन द्वितीय

✘ 2. महेंद्रवर्मन प्रथम

✘ 3. नंदिवर्मन

✘ 4. सिंहविष्णु

**Q.50** भारत ने भुगतान संतुलन के गंभीर संकट को दूर करने हेतु 1991 में संरचनात्मक सुधारों की शुरुआत की। किस वैश्विक संस्था ने भारत के 1991 के सुधारों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans

✘ 1. संयुक्त राष्ट्र

✘ 2. विश्व व्यापार संगठन

✔ 3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

✘ 4. विश्व स्वास्थ्य संगठन

**Q.51** निम्नलिखित में से कौन-सी ऑपरेटिंग सिस्टम अवधारणा सबसे अधिक प्रत्यक्ष रूप से यह सुनिश्चित करने में शामिल है कि एकाधिक प्रक्रियाएं डेटा करप्ट किए के बिना एक साथ फ़ाइलों को एक्सैस और मॉडिफाई कर सकती हैं?

Ans

✘ 1. वर्चुअल मेमोरी मैनेजमेंट (Virtual memory management)

✘ 2. पेजिंग (Paging)

✘ 3. शेड्यूलिंग एल्गोरिदम (Scheduling algorithms)

✔ 4. फ़ाइल लॉकिंग मेकैनिज़्म्स (File locking mechanisms)

**Q.52** 1510 में, अल्फोंजो डी अल्बुकर्क ने बीजापुर के सुल्तान से कौन-सी जगह पर कब्ज़ा किया और उसे पुर्तगाली पूर्वी साम्राज्य की राजधानी बनाया?

Ans

✘ 1. कोच्चि

✘ 2. कालीकट

✔ 3. गोवा

✘ 4. सूरत

**Q.53** यदि द्विघात समीकरण $kx^2 - 4x + 1 = 0$ के मूल वास्तविक एवं बराबर हैं, तो k का मान क्या है?

Ans

✘ 1. 2

✔ 2. 4

✘ 3. 1

✘ 4. 8

**Q.54** किसी भूखंड क्षेत्र की वर्तमान कीमत ₹1,12,079 है। एक वर्ष बाद, इसकी कीमत बढ़कर ₹1,89,297 हो गई। भूखंड क्षेत्र की कीमत में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ 1. 57%

✔ 2. 69%

✘ 3. 67%

✘ 4. 73%

**Q.55** विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) का कौन-सा संस्करण 5 से 7 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया?

Ans

✘ 1. 20वां

✘ 2. 23वां

✘ 3. 28वां

✔ 4. 24वां

Q.56 किस क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2024 ICC महिला T20 विश्व कप जीतकर इस प्रारूप में अपना पहला खिताब हासिल किया?

Ans
1. न्यूज़ीलैंड ✔
2. इंग्लैंड ✘
3. ऑस्ट्रेलिया ✘
4. भारत ✘

Q.57 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी स्वेटर, जैकेट हैं।
सभी स्वेटर, कोट हैं।
सभी कोट, ब्लेज़र हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी स्वेटर, ब्लेज़र हैं।
(II) कुछ कोट, जैकेट हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✘
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है ✘
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है ✘
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं ✔

Q.58 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दी गई दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BGM : DEK
SVL : UTJ

Ans
1. HXF : LTB ✘
2. EKX : GIV ✔
3. IMZ : MIW ✘
4. GOU : KMQ ✘

Q.59 विंडोज़ सिस्टम में किसी फ़ोल्डर को दिया जाने वाला डिफ़ॉल्ट नाम क्या होता है?

Ans
1. Default Folder ✘
2. Untitled Folder ✘
3. Folder ✘
4. New Folder ✔

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से WDFG का संबंध ZGIJ से है। उसी तरीके से IPRS का संबंध LSUV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RYAB का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
1. UDEB ✘
2. UBED ✘
3. UDBE ✘
4. UBDE ✔

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KARJ किसी निश्चित तरीके से NDUM से संबंधित है। PLBF उसी तरीके से SOEI से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SCHQ निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
1. VFKT ✔
2. UFNR ✘
3. VELT ✘
4. UEMR ✘

**Q.62** $\Delta ABC$ में, $DE \parallel AC$ है, जहां बिंदु D और बिंदु E क्रमशः भुजा AB और BC पर हैं। यदि BD = 2 cm और AD = 19 cm हैं, तो $\Delta BDE$ के क्षेत्रफल और समलंब ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. 4 : 437

✘ 2. 13 : 8

✘ 3. 10 : 11

✘ 4. 12 : 435

**Q.63** D, E, F, G, H, I और P एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाएं से गिनने पर D और P के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D, H के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। P और H दोनों का निकटतम पड़ोसी I है। F के दाएं से गिनने पर F और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

✔ 1. दो

✘ 2. एक

✘ 3. तीन

✘ 4. चार

**Q.64** राकेश का वेतन ₹12,000 प्रति माह है। वह ₹6,000 घर के किराए पर, ₹3,000 बिलों पर खर्च करता और शेष की मासिक बचत करता है। यदि उसने अपने जन्मदिन वाले महीने में जन्मदिन मनाने के लिए अपनी पूरी मासिक बचत खर्च कर दी, एक वर्ष में उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. 30,000

✘ 2. 36,000

✘ 3. 27,000

✔ 4. 33,000

**Q.65** इशान बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 42 km करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 41 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है, 59 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 18 km ड्राइव करता है। फिर दाएं मुड़ता है, 39 km ड्राइव करता है, और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

**Ans**

✘ 1. 43 km पश्चिम की ओर

✘ 2. 39 km पूर्व की ओर

✔ 3. 41 km पूर्व की ओर

✘ 4. 45 km दक्षिण की ओर

**Q.66** जितेश और कमल एक निश्चित कार्य को क्रमशः 5 और 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया और 3 दिन बाद कमल ने कार्य छोड़ दिया। जितेश शेष कार्य कितने दिनों में पूरा करेगा?

**Ans**

✘ 1. $\frac{25}{6}$

✔ 2. $\frac{7}{6}$

✘ 3. $\frac{13}{6}$

✘ 4. $\frac{11}{6}$

Q.67 विंडोज OS में कौन सा डेस्कटॉप अवयव उपयोगकर्ताओं को डिलीट की गई फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को रिस्टोर करने की सुविधा देता है?

Ans
1. कंट्रोल पैनल
2. स्टार्ट मेन्यू
3. टास्क मैनेजर
4. रीसायकल बिन

Q.68 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

ETQ IQO MNM QKK ?

Ans
1. UHJ
2. UHI
3. UII
4. UJJ

Q.69 कुछ मामलों में, भारत के प्रधानमंत्री किसी राज्य मंत्री को किसी पोर्टफोलियो का स्वतंत्र प्रभार सौंपते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि ______________ ।

Ans
1. राज्य मंत्री सौंपे गए पोर्टफोलियो की जिम्मेदारियों को साझा करने और निष्पादित करने के लिए कैबिनेट मंत्री के साथ संयुक्त रूप से कार्य करते हैं
2. राज्य मंत्री उस पोर्टफोलियो के लिए पूर्ण स्वतंत्र जिम्मेदारी के साथ कैबिनेट रैंक के समान कार्य करते हैं
3. राज्य मंत्री को जिम्मेदारियों में पदावनत किया गया है
4. राज्य मंत्री अपना राज्य मंत्री का पद खो देता है

Q.70 उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 281 m और 133 m विमा वाले आयत में अंतर्निहित किया जा सकता है।

$\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।

Ans
1. 428
2. 411
3. 416
4. 418

Q.71 7 : 9 का तुल्य अनुपात निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. 70 : 90
2. 67 : 91
3. 67 : 93
4. 72 : 95

Q.72 $\frac{4}{\sec^2\theta} + \frac{3}{1+\cot^2\theta} + \sin^2\theta$ का संख्यात्मक मान ज्ञात करें।

Ans
1. 2
2. 4
3. 3
4. 1

Q.73 ईस्ट इंडिया कंपनी के निम्नलिखित में से किस एक्ट द्वारा गवर्नर-जनरल की परिषद के विधायी और कार्यकारी कार्यों को औपचारिक रूप से पृथक कर दिया गया था?

Ans
1. चार्टर एक्ट, 1813
2. चार्टर एक्ट, 1853
3. चार्टर एक्ट, 1833
4. चार्टर एक्ट, 1793

Q.74 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TJR : PKT
DHQ : ZIS

Ans
✗ 1. EMT : CQX
✗ 2. CRJ : BTN
✗ 3. KOS : IQV
✓ 4. XBG : TCI

Q.75 2024 में, भारत सरकार ने 17.3 बिलियन डॉलर के रक्षा अधिग्रहण को मंज़ूरी दी। इन अधिग्रहणों का कितना प्रतिशत घरेलू आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त किया गया?

Ans
✗ 1. 100%
✓ 2. 99%
✗ 3. 75%
✗ 4. 50%

Q.76 बुद्ध के अवशेष निम्नलिखित में से किस बौद्ध संरचना के अंदर पाए जाते हैं?

Ans
✗ 1. अशोक स्तंभ
✓ 2. स्तूप
✗ 3. चैत्य हॉल
✗ 4. शिलालेख

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि तकनीक मुख्य रूप से भारत में जनजातीय समूहों द्वारा अपनाई जाती है?

Ans
✗ 1. रोपण कृषि
✗ 2. गहन कृषि
✗ 3. वाणिज्य कृषि
✓ 4. स्थानांतरी कृषि

Q.78 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F और B के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। A और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E को B के ठीक ऊपर रखा गया है। A और C के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। G को D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। B के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 2
✓ 3. 4
✗ 4. 1

Q.79 आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से कारक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (Foreign Portfolio Investors - FPIs) को भारतीय इक्विटी से महत्वपूर्ण धनराशि निकालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं?

1. आय वृद्धि में मंदी
2. उच्च मूल्यांकन
3. बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव

Ans
✓ 1. सभी 1, 2 और 3
✗ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. केवल 1 और 3

Q.80 यदि दो संख्याओं p और m का योगफल 12 है तथा $(p^3 + m^3) = 360$ है, तो pm का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 38 ✔
2. 28 ✘
3. 44 ✘
4. 35 ✘

Q.81 किस भारतीय बैंक ने अपने दूतावास जमा (Embassy Deposits) का विवरण रेखांकित किया है, जो मार्च 2025 में विशेष रूप से राजनयिकों, गैर-राजनयिक कर्मचारियों और राजनयिक मिशनों के लिए उपलब्ध है?

Ans
1. बैंक ऑफ बड़ौदा ✘
2. बंधन बैंक ✘
3. HDFC बैंक ✔
4. एक्सिस बैंक ✘

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा मैकाल श्रृंखला का सबसे ऊंचा शिखर है?

Ans
1. गुरु शिखर ✘
2. अनामुडी ✘
3. कलसुबाई ✘
4. अमरकंटक ✔

Q.83 T बिंदु A से शुरू होता है और उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 15 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
1. 8 km उत्तर की ओर ✘
2. 4 km पूर्व की ओर ✔
3. 2 km पूर्व की ओर ✘
4. 6 km उत्तर की ओर ✘

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GH - BC ✘
2. IJ - DE ✘
3. MN - PD ✔
4. LM - GH ✘

Q.85 एक बैंक, 7.4% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है जबकि ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है। एक ग्राहक एक वर्ष में 1 जनवरी और 1 जुलाई प्रत्येक को ₹8,022 जमा करता है। वर्ष के अंत में, ब्याज के रूप में उसे मिलने वाली राशि ________ होगी। (उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक दीजिए)।

Ans
1. ₹903.07 ✘
2. ₹919.85 ✘
3. ₹918.48 ✘
4. ₹901.42 ✔

Q.86 यदि संख्या 7643185 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के मध्य क्या अंतर होगा?

Ans
1. 5 ✘
2. 6 ✔
3. 4 ✘
4. 7

**Q.87** दो संख्याएँ 7 : 11 के अनुपात में हैं। यदि पहली संख्या में 10 की वृद्धि की जाए तथा दूसरी संख्या में 20 की कमी की जाए, तो अनुपात 2 : 3 हो जाता है। दोनों मूल संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 1260
✘ 2. 1254
✘ 3. 1240
✘ 4. 1268

**Q.88** 7362 × 726.8 × 0.709 का मान _______ के बराबर है।

**Ans**
✘ 1. 7.362 × 7.268 × 709
✔ 2. 73.62 × 7268 × 7.09
✘ 3. 7.362 × 72.68 × 70.9
✘ 4. 736.2 × 726.8 × 709

**Q.89** साल्वारसन (salvarsan) की खोज को चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार कब प्रदान किया गया?

**Ans**
✘ 1. 1915
✔ 2. 1908
✘ 3. 1905
✘ 4. 1929

**Q.90** यदि '+' को '–' से प्रतिस्थापित किया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

66 ÷ 2 + 6 × 1 + 9 = ?

**Ans**
✘ 1. 105
✘ 2. 110
✔ 3. 117
✘ 4. 120

**Q.91** प्लाज्मोडियम (Plasmodium) के जीवन चक्र में कौन-सी प्रमुख घटना लाल रक्त कोशिकाओं के संविदारण का कारण बनती है?

**Ans**
✘ 1. लोहितकोशिकाओं में मच्छरों के अंदर लैंगिक जनन
✔ 2. RBC के अंदर खंडजाणुओं (मीरोजॉइट) की परिपक्वता और गुणन
✘ 3. यकृत कोशिकाओं के अंदर गुणन
✘ 4. बीजाणुजों में रूपांतरण

**Q.92** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 870 165 207 893 753 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

**Ans**
✘ 1. −4
✘ 2. 0
✘ 3. −2
✔ 4. −3

**Q.93** अरावली पहाड़ियों के संदर्भ में थार रेगिस्तान का अधिकांश भाग किस दिशा में स्थित है?

**Ans**
✘ 1. उत्तर-पूर्व
✘ 2. दक्षिण
✔ 3. उत्तर-पश्चिम
4. पूर्व

Q.94 भारतीय विज्ञान संस्थान (IIS) की टीम ने 2025 में किस प्रकार के AI मॉडल का उपयोग सिंथेटिक इमेज बनाने के लिए किया, जो ऑब्जेक्ट डिटेक्शन को बेहतर बनाने में सहायक है?

Ans
❌ 1. जेनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क (GAN)
❌ 2. रिकरेंट न्यूरल नेटवर्क (RNN)
✅ 3. डिफ्यूजन मॉडल
❌ 4. ट्रांसफॉर्मर मॉडल

Q.95 यदि किसी बिस्तर का विक्रय मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 2 गुना है, तो लाभ प्रारंभिक लाभ का 7 गुना होगा। प्रारंभिक लाभ प्रतिशत (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 250
❌ 2. 28.57
✅ 3. 20
❌ 4. 350

Q.96 एक नाव को धारा की विपरीत दिशा में 49.2 km जाने में 90 मिनट लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात 3 : 2 है। नाव को धारा की विपरीत दिशा में 44.8 km और धारा की दिशा में 71.2 km जाने में कुल कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
❌ 1. 5.4
❌ 2. 3.8
❌ 3. 0.1
✅ 4. 1.8

Q.97 चार संख्याएँ क्रमशः 11 : 19 : 5 : 7 के अनुपात में हैं। यदि इन चार संख्याओं का योगफल 2289 है, तो पहली और तीसरी संख्या का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 848
❌ 2. 816
✅ 3. 872
❌ 4. 887

Q.98 कुशल सेवाएं, मजबूत बुनियादी अवसंरचना और एक संधारणीय वातावरण प्रदान करके 100 चयनित शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी मिशन (Smart Cities Mission) किस वर्ष शुरू किया गया था?

Ans
✅ 1. 2015
❌ 2. 2014
❌ 3. 2013
❌ 4. 2012

Q.99 यदि HF एक दुर्बल अम्ल है, तो इसके संयुग्मी क्षार $F^-$ की प्रबलता के बारे में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

Ans
❌ 1. यह उदासीन है।
✅ 2. यह एक दुर्बल क्षार है।
❌ 3. यह एक प्रबल अम्ल है।
❌ 4. यह एक प्रबल क्षार है।

Q.100 यदि a + b = 33, और a - b = 37 है, तो $(a + b)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 1101
✅ 2. 1089
❌ 3. 1181
❌ 4. 1152